# चाइनीज़ मांझे ने ली किशोर की जान

▸ बायपास पर हुआ हादसा

**इंदौर. रविवार दोपहर तेजाजी नगर बायपास पर एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय छात्र की गर्दन पर पतंग के मांझे से गहरा घाव लगने के कारण मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने मांझे के स्रोत और हादसे की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है.**



तेज गति से गुजरते वाहनों के बीच रविवार को तेजाजी नगर बायपास पर एक किशोर की जिंदगी एक लापरवाह मांझे ने छीन ली. मृतक की पहचान ओमेक्स सिटी में रहने वाले 16 वर्षीय गुलशन पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है. वह अपने भाई अरुण और दोस्तों विशाल व कृष्णा के साथ बाइक से रालामंडल घूमकर लौट रहा था. इसी दौरान अचानक सड़क पर लटकती पतंग की डोर उसकी गर्दन पर आ लगी. तेज धार वाले मांझे ने गहरा घाव कर दिया, जिससे वह तुरंत घायल होकर गिर पड़ा. घटना के बाद साथियों ने तुरंत मदद की और पास से गुजर रहे एक कार सवार परिवार ने भी बच्चे को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया. तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि गुलशन की हालत गंभीर थी, निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने गंभीर चोट देखते हुए इलाज से इनकार किया, जिसके बाद वही परिवार उसे एमवाय अस्पताल लेकर गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं एसीपी राजेश बिलवाल ने बताया कि प्राथमिक जांच में चाइनीज मांझा होने की स्पष्ट पुष्टि नहीं हुई . मांझे के प्रकार और उसकी सप्लाई को लेकर पुलिस अलग से जांच कर रही है. मौके पर मिले साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए जा रहे हैं. मृतक के भाई अरुण ने पुलिस को बताया कि बाइक चलते वक्त अचानक मांझा सामने आ गया. हमने डोर पकड़ने की कोशिश की, हमारे हाथों में भी चोट आई, उसने कहा. परिवार मूल रूप से अशोक नगर के ठीकरी क्षेत्र का रहने वाला है. पिता रामकिशन मजदूरी करते हैं. गुलशन आठवीं कक्षा का छात्र था और पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की मदद के लिए छोटा-मोटा काम भी करता था. हादसे के बाद इलाके में फिर एक बार चाइनीज मांझे पर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत को लेकर सवाल उठने लगे हैं, पुलिस जांच जारी है.

# दो थानों की कार्रवाई, ढाई सौ से अधिक बंडल जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गुलशन नामक युवक की चाइनीज़ मांझे से मौत के बाद शहर पुलिस ने अवैध बिक्री करने वालों पर शिकंजा कस दिया. अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर खतरनाक मांझे का बड़ा जखीरा जब्त किया है. कई दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है. छत्रीपुरा पुलिस ने जहां दो सौ से ज्यादा बंडल जब्त किए हैं, वही तुकोगंज पुलिस ने 51 बंडल जब्त किए है.**



एसीपी हेमंत चौहान ने बताया कि चाइनीज़ मांझे पर पुलिस ने सख्ती बढ़ाते हुए कई दुकानों पर लगातार दबिश दी. कार्रवाई के दौरान छतरीपुरा इलाके से 200 से अधिक बंडल बरामद किए है. वहीं तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि तुकोगंज पुलिस ने भी प्रतिबंधित मांझे का स्टॉक मिलने पर दुकानदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. रविवार को रसुम के बगीचे में गणेश पतंग वाले की दुकान पर चाइनीज़ मांझा बेचे जाने की सूचना मिली थी. तुकोगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी में देवेश देकर द्वारा दुकान में छिपाकर रखा गया स्टॉक मिला. यहां से 51 बंडल जब्त किए गए, जिन्हें बिक्री के लिए रखा था. प्रतिबंध के बावजूद इस खतरनाक मांझे को बेचने की तैयारी की जा रही थी. जब्त सामग्री की कीमत 10 हजार रुपए से अधिक बताई गई है, पुलिस ने संपूर्ण स्टॉक जब्त कर थाना तुकोगंज लाकर संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि चाइनीज़ मांझा बेचने वालों पर कड़ी निगरानी जारी रहेगी और जहां भी अवैध स्टॉक मिला, वहां तुरंत एक्शन लिया जाएगा. शहर में किसी भी तरह की जनहानि रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा.

# गौरी नगर में 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाई

## 11 महीने की मासूम को छोड़कर दी जान

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में एक 22 वर्षीय महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय पति शहर से बाहर था, जबकि रिश्तेदार 11 माह की बच्ची को लेकर सब्जी लेने निकले हुए थे. घर लौटने पर घटना का पता चला.**

मृतका की पहचान 22 वर्षीय सोनम पति रवि निवासी गौरी नगर के रूप में हुई है. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है. पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतका के पति रवि ने पुलिस को बताया कि वह ललितपुर अपनी नानी की तेरहवीं में शामिल होने गया था. वापसी के दौरान पत्नी सोनम से उसकी वीडियो कॉल पर सामान्य बातचीत हुई थी और किसी तरह का तनाव महसूस नहीं हुआ था. इधर, घर पर मौजूद सोनम की बुआ 11 महीने की बच्ची को लेकर सब्जी लेने बाहर गई थीं. इसी दौरान सोनम ने कमरे में फांसी लगा ली. बुआ जब वापस लौटीं तो सोनम को फंदे से लटका देखकर तुरंत मदद ली और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर पति सहित परिजनों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है. पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है.

### फांसी लगाने वाली विवाहिता ने अस्पताल में दम तोड़ा, दो साल पहले हुई थी शादी

**इंदौर** . गौरीनगर की एक युवती, जिसने 24 तारीख को फांसी लगाई थी, इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में चल बसी . घटना के समय उसका पति घर से बाहर था, मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की .

गौरीनगर निवासी 22 वर्षीय सोनम पति रवि ने 24 तारीख को घर में फांसी लगा ली थी . गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चार दिन उपचार के बाद उसकी मौत हो गई . पोस्टमार्टम अस्पताल में कराया है, पुलिस ने बताया कि सोनम की शादी करीब दो वर्ष पहले हुई थी और उसकी एक बच्ची भी है . घटना के समय उसका पति रवि ललितपुर में नानी की तेरहवीं के कार्यक्रम में गया हुआ था . रवि ने पुलिस को बताय कि फांसी लगाने से कुछ देर पहले दोनों की सामान्य बातचीत हुई थी और सोनम ने किसी तरह की परेशानी जाहिर नहीं की . बाद में घर के पास रहने वाली बुआ ने कॉल कर घटना की जानकारी दी . पुलिस अब मामले की परिस्थितियों की जांच कर रही है .

# कर्ज के दबाव में युवक ने की आत्महत्या, परिवार ने की आंखें दान

**इंदौर. भंवरकुआं क्षेत्र में 24 वर्षीय पवन ने कर्जदारों के लगातार दबाव और धमकियों के कारण फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. परिवार ने उसकी मौत के बाद उसकी आंखें दान कर इंसानियत की मिसाल पेश की है.**



भंवरकुआं थाना क्षेत्र में दुखद घटना हुई, जब श्रीराम नगर में रहने वाला 24 वर्षीय पवन पिता मनोज पाटिल ने घर में ही फंदा लगाकर अपनी जान दे दी. घटना के समय उसके परिवार ने उसे कमरे में लटका पाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल भेज दिया. पवन के जीजा शरद ने बताया कि पवन के मोबाइल में कई कर्जदारों के नंबर और बातचीत दर्ज थी. पिछले कुछ महीनों से वह कर्जदारों की लगातार कॉल और धमकियों से तनाव में था. पवन वॉलपेपर का काम करता था और अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ लोगों से 4 से 5 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज लिया था. पुलिस ने मोबाइल जब्त कर उसकी तकनीकी जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पवन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था और यही तनाव उसकी आत्महत्या का कारण बना.

### इंसानियत की मिसाल पेश की

पवन की मौत के बाद परिवार ने इंसानियत का उदाहरण पेश किया और उसकी आंखें दान करने का निर्णय लिया . रविवार सुबह स्थानीय संस्था की मदद से नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई . परिवार और पड़ोसी इसे एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं, जिससे पवन की याद हमेशा जीवित रहेगी . परिवार में पवन का एक भाई है जो निजी कंपनी में काम करता है, जबकि पिता रामकिशन पेशे से ड्राइवर हैं . पुलिस अब मामले में कर्जदारों की भूमिका और धमकियों की पूरी जांच कर रही है .

## एक नजर में

### सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी

**इंदौर** . देपालपुर क्षेत्र के गंगाजल खेड़ी में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है . पीड़ितों ने आरोप लगाया कि राधेश्याम मालवीय और संतोष मालवीय नामक दो लोगों ने खुद को कलेक्टर ऑफिस का कर्मचारी बताकर सरकारी विभागों में नौकरी लगाने का झांसा दिया और बदले में 4 लाख रुपए तक वसूल लिए .पीड़ितों के मुताबिक आरोपियों ने न नौकरी लगाई और न ही रुपये लौटाए . इतना ही नहीं, अब वे पीड़ितों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं . पीड़ितों का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अब तक पुलिस-प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं . स्थानीय लोगों का मानना है कि शुरुआती स्तर पर कड़ी कार्रवाई होती तो ऐसे ठगी नेटवर्क का मनोबल इस कदर न बढ़ता . ग्रामीणों और पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और उन पर सख्त धाराएँ लागू कर न्याय दिलाया जाए, ताकि क्षेत्र में फैली ऐसी ठगी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग सके .

### एरोड्रम पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर



**इंदौर** . शहर में लगातार बढ़ रही चोरियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एरोड्रम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है . पुलिस की टीम ने इलाके में सक्रिय एक शातिर चोर को पकड़कर चोरी की वारदात का पर्दाफाश किया है . पुलिस उपायुक्त कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि थाना प्रभारी तरुण भाटी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने हाल ही में दर्ज चोरी के मामलों की जांच को तेजी से आगे बढ़ाया . घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक दोपहिया वाहन एमपी-09 -एमवाई-0844 संदिग्ध रूप से दिखाई दिया . तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान 37 वर्षीय ओमप्रकाश पिता अम्बाराम सुगालिया निवासी 612 महात्मा गांधी मार्ग, इंदौर के रूप में की . उस पर दबिश दी गई और उसे हिरासत में लेकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग में लाई गई दोपहिया वाहन जप्त किया है . वहीं, आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी गए सोने के आभूषण चैन, नेकलेस, टॉप्स, अंगूठी आदि की बरामदगी की संभावना जताई जा रही है . पुलिस का कहना है कि अभियान क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर जारी रहेगा और इस गिरफ्तारी से कई अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद है .

### पुरानी रंजिश में किन्नर समूह के बीच विवाद

**इंदौर** . क्षिप्रा थाना क्षेत्र में किन्नर समाज के दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद सामने आया है . मामला 27 नवंबर की दोपहर क्षिप्रा ब्रिज के नीचे नाश्ते की दुकान के पास का है, जहां गाली-गलौज और धमकाने की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है . फरियादी करिश्मा कुशवाह ने पुलिस को बताया कि उनके साथ मौजूद अंजली कंवर और जुलेखा कंवर को सोनम किन्नर, छोटी काजल उर्फ तगारी, सनम भास्कर और पीपी ठाकुर उर्फ विशाल ने पुराने विवाद को लेकर रोक लिया . आरोप है कि सभी ने मिलकर उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी . घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से संपर्क किया, जिस पर आरोपियों के खिलाफ बलवा, धमकी और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया कर मामले की जांच की जा रही है .

### झपट्टा मार कर छीना मोबाइल, बाइक सवार दो बदमाश फरार

**इंदौर** . पलासिया थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की वारदात सामने आई है . पत्रकार चौराहा रोड पर स्थित एसबीआई की पुरानी पलासिया शाखा के पास की है, जहां दो अज्ञात बाइक सवार युवक हाथ से मोबाइल झपट कर फरार हो गए . 32 वर्षीय शिकायतकर्ता सीतादया राठौर ने थाने पहुंच कर पुलिस को बताया कि वह सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से वीवो कंपनी का मोबाइल छीन लिया . वारदात के बाद दोनों आरोपी तेजी से मौके से निकल गए . पुलिस ने स्नैचिंग के इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है

### विवाद बढ़ा तो हॉकीनुमा डंडे से वृद्ध को पीटा

**इंदौर** . लसूड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 में शाम को हुई कहासुनी ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया . पत्थर रखने की बात पर शुरू हुआ विवाद उस समय बढ़ गया, जब एक महिला ने मोहल्ले के वृद्ध को थप्पड़ मारे और बाद में अपने पति को बुलाकर हमला करवा दिया . घटना शुक्रवार शाम करीब 5 .30 बजे की बताई गई है, शिकायतकर्ता सुनीता जाधव ने पुलिस को बताया कि उनके 60 वर्षीय पति गोपाल जाधव का पड़ोस में रहने वाली सतीश सेन की पत्नी से विवाद हुआ . महिला ने पहले गोपाल को दो थप्पड़ मारे और फिर फोन कर अपने पति सतीश को बुला लिया . सतीश घर से हाकीनुमा डंडा लेकर आया और आते ही गोपाल पर हमला कर दिया . हमले में गोपाल के चेहरे, गाल, पीठ, कमर, हाथ और पैर पर चोटें आईं . वारदात के दौरान उनकी नाक और मुंह से खून बहने लगा .

# नाम बदलकर की युवती से दोस्ती, दो साल तक किया शोषण

▸ दो युवकों पर गंभीर आरोप, करणी सेना भी पहुंची थाने

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एक युवती ने दो युवकों पर पहचान छिपाकर दोस्ती करने, धमकाकर कई बार दुष्कर्म करने, ब्लैकमेलिंग से लाखों रुपए और गहने हड़पने तथा धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं. पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, वहीं करणी सेना ने भी मामले में हस्तक्षेप करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की.



हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत ने बताया कि इंदौर में एक निजी नौकरी करने वाली युवती ने दो युवकों पर लंबे समय तक शारीरिक शोषण, आर्थिक दोहन और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं. दोनों युवक पहले फर्जी नामों से दोस्ती बढ़ाते रहे और बाद में धमकाकर लगातार शोषण करते रहे. युवती ने पुलिस को बताया कि मार्च 2021 में उसकी मुलाकात एक कैफे में निकिता उर्फ मन्नू उर्फ मनीषा भाटिया से हुई, जिसके जरिए उसकी दोस्ती मोहित नाम के युवक से हुई. आरोप है कि 6 मार्च 2022 को मोहित उसके महालक्ष्मी नगर स्थित फ्लैट पर आया और अश्लील हरकत करते हुए जबरन शारीरिक संबंध बना लिए. विरोध करने पर उसने पीड़िता की फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी. पीड़िता का कहना है कि बाद में पता चला कि मोहित का असली नाम सुफियान इरशाद अंसारी है. आरोप है कि सुफियान ने धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और उससे करीब 5 लाख रुपए और अन्य खर्च वसूल लिए. युवती ने पुलिस को यह भी बताया कि सुफियान के दोस्त अमर से भी बातचीत होती थी, जिसका बाद में पता चला कि उसका नाम अमीर उर्फ गोल्डन है. पीड़िता का आरोप है कि जुलाई 2025 में अमीर उसे साकेत रोड से होटल श्रीकृष्णा पैलेस ले गया और वहां धमकाकर संबंध बनाए. इसके बाद कई बार मारपीट कर जबरन संबंध बनाने और धर्म परिवर्तन का दबाव डालने का आरोप भी लगाया है. पीड़िता ने यह भी बताया कि अमीर ने उसकी एमपी 09 यूव्हाय 0453 एक्टिवा अपने पास रख ली और उससे करीब 1 लाख रुपए और ले लिए. पुलिस को की गई शिकायत में आरोप है कि दोनों आरोपी उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देते थे, जिससे वह लंबे समय तक खौफ में रही. मान सिंह राजावत ने बताया कि शनिवार को पीड़िता ने करणी सेना के कार्यालय पहुंचकर मदद मांगी. संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने दोनों युवकों पर शोषण, ब्लैकमेलिंग और आर्थिक दोहन के आरोप लगाए हैं. करणी सेना का कहना है कि आरोपियों पर अन्य आपराधिक मामलों, होटल में फर्जी पहचान पत्र से रूम बुकिंग और सोशल मीडिया पर हथियारों के वीडियो डालकर डराने-धमकाने जैसी गतिविधियों के आरोप भी सामने आए हैं.

### पुलिस जांच शुरू

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपियों की भूमिका, फर्जी पहचान का उपयोग, आर्थिक लेन-देन और कथित धमकियों की जांच शुरू कर दी है . होटल के फुटेज, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं . पीड़िता ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से हम्माल कॉलोनी संगम नगर में किराए से रह रही है और हाल ही में हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची . मामले में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी का कहना है कि पीड़िता के बयान, होटल रिकॉर्ड, मोबाइल चैट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी .

# तलाक के दबाव में युवक ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर. गांधी नगर के नया बसेरा में 30 वर्षीय संजय ने पत्नी और सास के लगातार दबाव और परेशानियों से परेशान होकर जहर खा लिया. रविवार दोपहर उसे अस्पताल ले जाते समय मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मामला मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**



गांधी नगर में रहने वाले 30 वर्षीय संजय पिता भोलाराम अवासे ने शनिवार को जहर खा लिया. रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है. संजय के भाई नीलेश ने पुलिस को बताया कि संजय मजदूरी का काम करता था और छह साल पहले मुस्कान खरे नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था. परिवार में उसके दो छोटे बच्चे भी हैं. पत्नी तलाक को लेकर लगातार दबाव बना रही थी और इस मामले में पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा चुकी थी.

शनिवार को संजय और उसकी पत्नी के बीच मोबाइल पर बातचीत हुई, जिसके बाद उसने यह जानलेवा कदम उठाया. नीलेश ने यह भी बताया कि संजय को पत्नी के अलावा सास सपना और नानी भी मानसिक रूप से परेशान कर रही थीं.

# पैसेंजर ट्रेनों में चेकिंग के दौरान तीन तस्कर गिरफ्तार

इंदौर. इंदौर-उज्जैन रूट पर चल रही पैसेंजर और अन्य ट्रेनों में की गई चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के पास से गांजा की बड़ी मात्रा बरामद हुई है.

रेलवे पुलिस ने इंदौर और उज्जैन की ओर जाने वाली विभिन्न ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया. अभियान के दौरान तीन तस्कर पकड़े गए, जो अलग-अलग बैगों में नशे का सामान ले जा रहे थे. मामले म३५ रेलवे एसपी पद्मविलोचन शुक्ल का कहना है कि पकड़े गए आरोपी उज्जैन निवासी संध्या नायक और जगयान सूरज भिलाला हैं. इनके कब्जे से 264 ग्राम और 63 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसे तीन अलग-अलग बैगों में छिपाकर ले जाया जा रहा था. पुलिस ने तीनों के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# मंदिर की दान पेटी का ताला टूटा, नकदी पार

**इंदौर.** नंदानगर के झंडा चौक स्थित श्रीसंकट हनुमान मंदिर में दान पेटी का ताला तोड़कर चोर नकदी ले गए. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में स्थित श्रीसंकट हनुमान मंदिर में देर रात चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात चोरों ने मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर भीतर रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया. चोर इतनी सफाई से वारदात को अंजाम देकर गए कि दान पेटी में पड़ी चिल्लर वहीं छोड़ दी, जबकि बड़े नोट और सिक्के उठा ले गए. मामले में पुलिस का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दान पेटी आखिरी बार कब खोली गई थी, इसलिए चोरी गई राशि का अंदाजा भी नहीं लग पाया है. मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कुछ फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनके आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है. थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# रिश्तेदारों के नाम पर भी खरीदी जमीन

▸ लोकायुक्त जांच में नए खुलासे

**इंदौर.** आदिम जाति कल्याण विभाग सेवा समिति के प्रबंधक गोरेलाल मारू पर हुई लोकायुक्त कार्रवाई में अब नए तथ्य सामने आए हैं. अनियमित संपत्ति के अलावा अधिकारी ने रिश्तेदारों के नाम पर भी जमीन और निवेश किए थे.

इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने हाल ही में धार जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम लाबरिया में आदिम जाति कल्याण विभाग सेवा समिति के प्रबंधक गोरेलाल मारू के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी. जांच में अब तक 4.30 करोड़ रुपए से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हो चुकी है. लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय ने बताया कि छापे के दौरान आरोपी अधिकारी के दो बैंक लॉकरों का पता चला है, जिन्हें बुधवार को खोला जाएगा. प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मारू ने कुछ संपत्तियां अपने रिश्तेदारों के नाम पर भी खरीदी हैं. संबंधित बैंकों को उनके खातों को सील करने के लिए पत्र भेज दिए गए हैं. वहीं जांच अधिकारी आशुतोष मिठास ने बताया कि अब तक अलग-अलग नामों से ली गई एलआईसी पॉलिसियों और 45 बीघा जमीन के दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं. सभी दस्तावेजों की विस्तृत जांच जारी है. लोकायुक्त टीम को आशंका है कि आगे की कार्रवाई में और भी संपत्तियों का खुलासा हो सकता है.

एक नजर में ▸ 170 आरोपियों में 50 पुराने अपराधी, ड्रग सिंडिकेट की कड़ी खुली, कई गैंग की गतिविधियाँ उजागर

# 11 माह में 100 केस, 170 तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर. शहर में फैले नशे के नेटवर्क पर क्राइम ब्रांच ने इस साल रिकॉर्ड स्तर पर कार्रवाई की है. हर दूसरे दिन औसतन एक तस्कर पकड़े जाने का आंकड़ा बताता है कि शहर का अंडरग्राउंड ड्रग रैकेट कितना फैला हुआ था और पुलिस की कार्रवाई कितनी तेज.**




इंदौर में ड्रग तस्करी जिस रफ्तार से बढ़ रही थी, उससे शहर के युवाओं को निशाना बनाने वाला पूरा एक अंडरग्राउंड नेटवर्क खड़ा हो चुका था. लेकिन क्राइम ब्रांच ने इसी नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए इस साल ऐसे ऑपरेशन चलाए, जिनके आंकड़े अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं. क्राइम ब्रांच ने 11 माह में नशे के 100 प्रकरण दर्ज कर 170 तस्करों को गिरफ्तार किया है. इनमें कुछ अपराधी पुराने भी हैं.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इस साल नशे के खिलाफ अभियान पूरी तरह ज़ीरो टॉलरेंस नीति पर चलाया गया. अब तक आठ करोड़ रुपए से अधिक का नशा जब्त किया है और तस्करों की सप्लाई चेन तोड़ने पर अलग से फोकस किया है. कई गिरोह तो ऐसे थे, जिनके नेटवर्क में शहर से बाहर के लोग भी शामिल थे. ऐसा मामलों में भी उनकी भी पहचान कर कार्रवाई की गई है. तस्करी में पकड़े गए 170 आरोपियों में से 50 पुराने अपराधी हैं, जिन पर एक दर्जन तक प्रकरण पहले से दर्ज मिले. चौंकाने वाली बात यह है कि राजस्थान के 50 से अधिक तस्कर भी इंदौर में सक्रिय पाए गए, जबकि कई और की तलाश जारी है. इसी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने एक नाइजीरियन नागरिक को भी दबोचा, जो शहर में सिंथेटिक ड्रग्स की सप्लाई से जुड़ा पाया. यह गिरफ्तारी इस बात की पुष्टि है कि इंदौर में केवल स्थानीय गैंग ही नहीं, बल्कि बाहरी राज्यों और देशों के नेटवर्क भी सक्रिय थे. कार्रवाई में एक दर्जन महिलाएं भी गिरफ्त में आईं, जिनमें जेल प्रहरी के साथ पकड़ी गई चर्चित लेडी डॉन, द्वारकापुरी की सीमा नाथ जिससे करीब एक करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद हुई थी और आकाश नगर की जसमीत कौर शामिल हैं, जिसे अल्प्राजोलम की भारी खेप के साथ पकड़ा था. ड्रग की सप्लाई चेन काटने के लिए पुलिस ने तस्करों की 50 से ज्यादा गाड़ियां जब्त की हैं. इनमें कई ऐसी गाड़ियां थीं जिन्हें अलग-अलग रूटों पर सप्लाई के लिए नियमित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था.

### नेटवर्क में पहली बार इतनी बड़ी सेंध...

शहर में सबसे ज्यादा खपत एमडी और गांजा की पाई गई है . लगातार की गई कार्वाइयों के बाद तस्करों में दहशत है और कई गिरोह अब अपनी सप्लाई चेन बनाए रखने में भी असमर्थ हो गए हैं . क्राइम ब्रांच का दावा है कि आने वाले महीनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि कई नेटवर्क की परतें अभी खुलना बाकी हैं .